### एक नजर में

## विधायक के नेतृत्व में हुआ वृहद वृक्षारोपण



**पानसेमल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विधानसभा क्षेत्र में विधायक श्याम बरडे के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र नीलियर (तालाब) में विधानसभा स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कलेक्टर जयति सिंह विशेष रूप से उपस्थित रही। विधानसभा के मंडलों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ मां के नाम सेल्फी पॉइंट बनाया, जहां लोगों ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्याम बरडे ने सभी नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कलेक्टर जयति सिंह ने किसानों से खेतों की मेड़ों पर कम से कम पांच फलदार वृक्ष लगाने और खेत तालाबों के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वन विभाग के डीएफओ गाडरिया, एसडीएम सिसोदिया, एसडीओ बीडारे, रेंजर डावर एवं उनकी टीम तथा पुलिस विभाग से एसडीओपी अलावा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से टिफिन लेकर पहुंचे और जंगल के बीच सामूहिक वनभोजन किया। अंत में अतिथियों एवं जनसमुदाय ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## वेटरनेरी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन




**महू.** वेटरनेरी कॉलेज महू में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया. इस अवसर पर इस बार की थीम 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए और हमारे भविष्य के लिए' पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. बीपी शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया. इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. बीपी शुक्ला, शिक्षकों, एनएसएस और एनसीसी के विद्यार्थियों ने नए कन्या छात्रावास में वृक्षारोपण कर साफ सफाई की. कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता डॉ. बीपी शुक्ला, डॉ. अशोक पाटिल, डॉ. दानवीर यादव ने प्रेरणादायक व्याख्यान देते हुए पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया. इस मौके पर सभी छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ कक्ष प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया. आयोजन में डॉ. मनोज अहिरवार, डॉ. योगिता पांडे, डॉ. कविता रावत, डॉ. नवल रावत, डॉ. रवि सिक्रोडिया, डॉ. निर्मला जमरा, डॉ. एमएस जमरा, डॉ. अलका सुमन और डॉ. जितेंद्र यादव का विशेष सहयोग रहा. संचालन डॉ. रवी सिक्रोडिया ने किया. डॉ. कविता रावत ने आभार व्यक्त किया. इसके साथ ही पशुपालन पत्रोपाधि महाविद्यालय में भी प्राचार्य डॉ. श्वेता राजोरिया के निर्देशन में साफ सफाई एवं पौधारोपण किया गया. वहीं विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए क्विज, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता और व्याख्यान का आयोजन भी किया गया.

## कन्या उमावि में उत्साह के साथ किया पौधा रोपण



**महू.** देवी अहिल्या बाई होल्कर कन्या उ.मा. विद्यालय में संचालित छावनी परिषद महू एवं जन शिक्षण संस्थान द्वारा वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिणर्थियों ने मिलकर छायादार पौधों को रोपा. साथ ही उचित स्थान पर एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य विशाल श्रीवास, जन शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि एवं राज जनकल्याण सामाजिक संस्था के अध्यक्ष राजकुमार बागड़ी, सिलाई शिक्षिका रागिनी सिंह, कंप्यूटर विभाग की हेमलता चावरे सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा.

## कैफे पर विवाद ने लिया खूनी रूप युवक को घेरकर चाकुओं से गोदा

इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र के विदुर नगर में गुरुवार रात करीब 12 बजे कैफे पर हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. चार बदमाशों ने पहले उसके दोस्तों के साथ मारपीट की और फिर युवक को घेरकर चाकू व डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया. गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है. मृतक की पहचान क्रिश पिता मुकेश श्रीवास्तव निवासी विदुर नगर के रूप में हुई है. घटना 60 फीट रोड स्थित एक कैफे पर हुई. थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि आरोपी अंकित पाल, अनिकेत पाल, गौरव काला और शिवा उर्फ शिवम पाल बाइक से मौके पर पहुंचे थे. आते ही विवाद शुरू किया और मारपीट करने लगे. इसके बाद आरोपियों ने चाकू और डंडों से क्रिश पर हमला कर दिया. घटना के समय क्रिश अपने दोस्तों चेतन और आदर्श के साथ बैठा था. हथियार निकलते ही दोनों जान बचाकर भाग गए, जबकि आरोपियों ने क्रिश को घेरकर हमला कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मामले की जानकारी मिलते ही एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंदु जोशी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. देर रात चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. इनमें गौरव पर चार और अंकित पर दो आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं. वहीं जांच में अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आ सकते हैं. प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का विवाद सामने आया है. बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हो चुका था. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है.

# श्मशान की ओर जाने वाले रोड पर फिर विवाद



**पानसेमल, (नवभारत)।** श्मशान की ओर जाने वाले मार्ग को लेकर फिर से विवाद हुआ। हालांकि अधिकारी की समझाईश के बाद ग्रामीण मान गए। मार्ग को सरिए बिछाकर अवरुद्ध करने की शिकायत तहसील क्षेत्र के ग्राम मतराला के खयडा फलिया में निवासरत ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार सुनील सिसोदिया को की गई थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी के सुपरवाइजर एवं कर्मचारियों को मार्ग को शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

दरअसल ग्राम बालझिरी एवं खयडा फलिया के बीच करोड़ों की लागत से एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। जहां से ग्राम खयडा एवं अन्य ग्रामों के निवासियों द्वारा आवाजाही की जाती है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद उक्त मार्ग को बंद करने को लेकर ग्रामीणों द्वारा अपनी शिकायत दर्ज कराई गई थी कि यह मार्ग आसपास के ग्रामों में आवाजाही तथा श्मशान जाने के लिए वर्षों से उपयोग करते आ रहे हैं, लेकिन बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य होने पर इसे बंद कर इसके बदले अलग से मार्ग बनाया जा रहा है। जो आवाजाही के लिए ठीक नहीं है।

**ग्रामीणों ने पूर्व में भी दिया आवेदन:**

ग्राम के राजू जाधव, हीरालाल जाधव, सुंदरलाल जाधव, प्रीत जाधव, कृष्णा कुशवाह व ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को पूर्व में भी लिखित आवेदन देने की बात कही है। निर्माण कार्य सम्भाल रहे गौरवसिंह ने बताया कि 25 से 30 करोड़ की लागत से एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान निकलने के मार्ग को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। जिसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई है। सूचना के बाद मौके पर एफआरवी वाहन भी पहुंचा था।

### आवश्यक सुधार का आश्वासन...

इस रोड पर बाइक स्लिप हो जाती है, जिसके कारण इसे समतल करने की मांग की जा रही है। मार्ग बंद होने से ग्रामीणों ने श्मशान जाने के लिए दूरी बढ़ने की बात कहते हुए आरोप लगाए कि एजेंसी द्वारा मार्ग में आवश्यक सुधार किए बिना ही पुराने मार्ग में सरिए बिछाकर मार्ग बंद कर दिया और ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार किया। इसकी शिकायत के बाद तहसीलदार सुनील सिसोदिया, नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों एवं निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों से चर्चा कर मार्ग को शुरू कराया व जिम्मेदारों को निर्देशित किया। ग्रामीणों को भी सुधार के लिए आश्वस्त किया।

# वर्ल्ड क्लब फुट डे पर किया संवाद

**बड़वानी।** वर्ल्ड क्लबफुट डे पर जिले में क्लबफुट से प्रभावित परिवारों क साथ संवाद आयोजित किया, ताकि बच्चों में इस स्थिति की समय पर पहचान और शीघ्र उपचार के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके। इस दौरान सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में विश्व क्लबफुट दिवस लोगों को जागरुक करने और परिवारों को समय पर उपचार लेने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। स्वास्थ्य विभाग, फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहयोगी संस्थाओं के निरंतर प्रयासों से क्लबफुट से प्रभावित बच्चों को वह सहयोग मिल रहा है, जिसकी मदद से वे चल, दौड़ और सामान्य जीवन जी सके। क्लबफुट उपचार सेवाएं जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं, जहां प्रभावित बच्चों के लिए साप्ताहिक क्लिनिक संचालित किए जाते हैं, जिसमे डॉ दीपक मुवेल एवं डॉ अर्पिता पॉल द्वारा उपचार किया जा रहा है। 153 बच्चें वर्तमान में क्लबफुट का उपचार ले रहे है। आशा और एएनएम सहित फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता बच्चों की शुरुआती पहचान करने और उन्हें समय पर उपचार केंद्र तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। माता-पिता की नियमित कांउसलिंग भी की जाती हैं, ताकि उपचार और फॉलोअप अप लगातार जारी रहे।

# युकां ने युवाओं से की चर्चा



**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर के खेतिया रोड स्थित श्रीजी सिनेमा में युवा कांग्रेस ने जनसंवाद के तहत युवाओं से संगठन मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से चर्चा की। पोरलाल खरते, मोंटा खेड़कर, प्रकाश खेड़कर ने नीट की पेपर लीक मामले पर सरकार पर निशाना साधा और बताया कि कांग्रेस जनहित ने जनहित में मुद्दा उठाया और आगे भी आमजनता के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे।

नीट पेपर लीक की इस गड़बड़ी में लाखों विद्यार्थियों का भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। विरोध प्रदर्शन में सभी को एकजुट होकर आवाज उठाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इसका देश भर में विरोध दर्ज कराते हुए प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी देश को आजाद करने से लेकर विकासशील करने में अहम भूमिका रही है। पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन ने भी संबोधित किया।

## शराब दुकान में पथराव कर काउंटर की जाली तोड़ी

इंदौर. मानपुर थाना क्षेत्र में शराब दुकान पर बदमाशों ने गुंडागर्दी करते हुए सेल्समैन को धमकाया और दुकान पर पथराव कर नुकसान पहुंचाया. घटना रापुरिया स्थित शराब दुकान की है, जहां कमीशन को लेकर विवाद के बाद आरोपियों ने तोड़फोड़ की. थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे ने बताया कि फरियादी वीरेंद्र सिंह सोलंकी, निवासी दौलत नगर (धार), रापुरिया शराब दुकान पर सेल्समैन है. उसने शिकायत में बताया कि क्षेत्र के दो नामजद बदमाश दुकान पर आए और शराब पर कमीशन की मांग करने लगे. तय कमीशन देने के बावजूद आरोपी ज्यादा रकम पर अड़ गए. इंकार करने पर आरोपियों ने सेल्समैन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर उन्होंने सड़क से पत्थर उठाकर दुकान पर फेंक दिए. एक पत्थर काउंटर की जाली पर लगने से वह बुरी तरह टूट गई. तोड़फोड़ के बाद भी आरोपियों ने सेल्समैन को धमकाते हुए कहा कि अगर यहां काम करना है तो उनकी बात माननी पड़ेगी, नहीं तो जान से खत्म कर देंगे. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए.

# नपा ने शुरू किया डामरीकरण कार्य

- यातायात सुगमता के लिए बड़वानी का ओलम्पिक चौराहा हुआ छोटा

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। विगत दिनों स्थानीय नागरिकों द्वारा किए गए निवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि निक्कू चौहान के विशेष सहयोग से सेगांव ओलम्पिक चौराहे के सुधार का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

इस जनहितैषी कार्य के अंतर्गत चौराहे के अनावश्यक बड़े आकार को छोटा किया जा रहा है, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों को पर्याप्त जगह मिल सके। साथ ही चौराहे के आसपास नवीन डामरीकरण (रोड निर्माण) का कार्य भी कराया जा रहा है।



### नागरिकों ने जताया आभार

इस विकास कार्य से क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए नगर पालिका परिषद, बड़वानी और समस्त जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। लोगों का मानना है कि इस सुधार से न सिर्फ यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि यह कार्य नगर के सौंदर्यीकरण में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# पति ने की पत्नी की निर्ममता से हत्या

**पारा। समीपस्थ ग्राम नवापाड़ा के रावत फलिया में बीती रात पति ने हीं अपनी पत्नी कि निर्ममता से हत्या करदी।**

जानकारी के अनुसार बीती शुक्रवार कि रात को बोरी रोड स्थिति ग्राम नवापाडा के रावत फलिया में पूर्व सरपंच की पुत्रवधू अंतर बाई उम्र 40 वर्ष की पति राजू रावत ने निर्ममता से पीट पीट कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते हीं पारा पुलिस चौकी प्रभारी पल्लवी भाभर दलबल सहित घटना स्थल पर पहुंची वहीं थाना कोतवाली झाबुआ प्रभारी आर सी भास्करे एस डी ओ पी कमलेश शर्मा व एफ एस एल अधिकारी ने मोके पर पहुँच कर स्थिति का जायजा लिया व मामले को दर्ज कर जाँच मै लिया है। घटना स्थल से पुलिस को हत्या कै कई सबूत मिले है द्य मोके से फरार पति राजू को पुलिस ने कुछ हीं देर में गिरफ्तार कर मृतका का पीएम करवा कर परिजनों कै सौंप दिया।बताया जाता है कि बीती रात राजू ने अपने कुछ दोस्तों कै साथ घर पर हीं पार्टी कि थीं। उसके बाद शराब कै नशे मै राजू का पत्नी अंतर से विवाद हुआ होगा उसी कै चलते राजू ने अपनी पत्नी को पिट पिट कर हत्या कर फरार हो गया। सुबह ज़ब राजू कि माँ ने आकर देखा तो पता चला कि बहु अंतर मृत पड़ी है उक्त जानकारी राजू की माँ ने अपने पति को बताई व जिसकी सूचना कोटवार ने पुलिस को दी।



## मृत पिता के नाम पर बेटे ने ले लिया 2.12 लाख का लोन

इंदौर. विजय नगर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपने मृत पिता के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बजाज फाइनेंस से 2 लाख 12 हजार 911 रुपए का लोन पास करा लिया. मामले का खुलासा कंपनी की आंतरिक जांच के दौरान हुआ. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, बजाज फाइनेंस के एमए बिजनेस सेंटर, विजय नगर स्थित कार्यालय के अधिकारी आकाश शंभूदयाल गौतम ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस जांच में सामने आया कि लसूड़िया में रहने वाले आरोपी अंकित चौहान ने अपने दिवंगत पिता अच्छेलाल रामचीज चौहान के पुराने दस्तावेज, मोबाइल नंबर और क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल कर लोन के लिए आवेदन किया.



## आबकारी विभाग की कार्रवाई, अवैध शराब पकड़ी

**आलीराजपुर।** कलेक्टर अलीराजपुर नीतू माथुर, एवं जिला आबकारी अधिकारी आर. एस. रॉय के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग वृत्त जोबट द्वारा ग्राम उदयगढ़ में कुल 04 एवं ग्राम बोरी में कुल 03 प्रकरण दर्ज किए गए। इस प्रकार लगभग कुल 87.58 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) के तहत कुल 07 आरोपीयो विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी टीम द्वारा मदिरा जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 33000 रुपए है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोहित बिरला, मुख्य आरक्षक शैलेंद्र सिंह रावत अमानुल्लाह खान, गवरा गवार का सराहनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी जिला आबकारी विभाग द्वारा दी गई..

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मारी, युवक की मौके पर ही मौत

- टक्कर मारकर ट्रक चालक वाहन लेकर हो गया फरार

नवभारत न्यूज

इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में सहारा सिटी के सामने बायपास रोड पर शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में कार सवार 38 वर्षीय रमेश की मौके पर ही मौत हो गई. टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि रमेश अपनी कार से बायपास मार्ग से गुजर रहे थे.

## सूने मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवर व नकदी चोरी

इंदौर. शिप्रा थाना क्षेत्र स्थित डीएलएफ गार्डन सिटी कॉलोनी में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. फरियादी शुभम प्रजापति ने शिकायत दर्ज कराई है कि वे काम से बाहर गए हुए थे. इसी दौरान बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और अलमारी के लॉक तोड़कर उसमें रखी दो सोने की चेन, पांचाली, हार, अंगूठी, नाक के कांटे, खुटिया, कान की झुमकी सहित चांदी की चार जोड़ी पायल और करीब 30 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए.

## हनी ट्रैप-2: प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा की जमानत याचिका खारिज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. चर्चित हनी ट्रैप-2 मामले में गिरफ्तार प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा को अदालत से राहत नहीं मिली है. अपर सत्र न्यायालय में सुनवाई के बाद न्यायाधीश मनीष कुमार लोवंशी ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी.**

सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने जमानत आवेदन का विरोध किया. उन्होंने तर्क रखा कि मामला गंभीर प्रकृति का है और आरोपी की भूमिका जांच में सामने आई है. यदि उसे जमानत दी जाती है तो साक्ष्यों को प्रभावित करने और जांच को प्रभावित करने की आशंका बनी रहेगी.

कोर्ट ने केस डायरी, जांच प्रतिवेदन और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए माना कि प्रकरण की जांच अभी महत्वपूर्ण चरण में है. ऐसे में आरोपी को इस स्तर पर जमानत का लाभ दिया जाना उचित नहीं है. इसी आधार पर न्यायालय ने आवेदन निरस्त कर दिया. क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है कि आरोपी, जो पुलिस की इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ था, कथित रूप से हनी ट्रैप गिरोह के संपर्क में था और पूरे घटनाक्रम में रणनीतिक भूमिका निभा रहा था.

# गुलाब बाग हत्याकांड का मुख्य शूटर डीलू लहारिया गिरफ्तार

- पत्नी और पिता की जमानत कराने के लिए इंदौर आया था डीलू
- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धर-दबोचा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने हुए चर्चित हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मामले में फायरिंग करने वाले 39 वर्षीय आरोपी डीलू उर्फ चंदन उर्फ चंद्रकांत लहारिया निवासी ग्राम लावन, जिला भिंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

ज्ञात हो गत 21 मई की रात करीब 10.30 बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने अभि उर्फ अभितेंद्र तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस संबंध में लसूड़िया पुलिस ने मामला दर्ज किया था. थाना प्रभारी राजकुमार यादव के अनुसार, पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी डीलू ने अपने साथी गुलशन यादव, गौरव जाटव, पीयूष गुर्जर और सत्यबीर मौर्य के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था. डीलू घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी इंदौर आया हुआ है, जिसके आधार पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा लिया गया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी 315 बोर बंदूक जब्त की है. बताया जा रहा है कि आरोपी अपने पिता राजेंद्र लहारिया और पत्नी प्रीति लहारिया की जमानत कराने इंदौर आया था, जिन्हें पूर्व में आरोपी को संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार किया था. मामले में पहले ही पीयूष गुर्जर और सत्यबीर मौर्य को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है. वहीं मुख्य आरोपी गुलशन यादव और गौरव जाटव अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है.



# युवक ने ससुराल में फांसी लगाई जेसीबी पर लटका मिला शव

- मायके में रह रही पत्नी को लेने भोपाल से आया था

नव भारत न्यूज

**इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र में पत्नी को लेने ससुराल आए युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक का शव आठ मील इलाके में खड़ी एक जेसीबी मशीन पर फंदे से लटका मिला. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी कुलदीप सिंह शेखावत ने बताया कि मृतक का नाम आमिर उम्र 26 साल निवासी भोपाल है, जो रुद्राक्ष बेचने का काम करता था. आमिर का अपनी पत्नी से कुछ समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते पत्नी मायके में चाचा ससुर के घर रह रही थी.

बताया जा रहा है कि आमिर पत्नी को मनाकर अपने साथ भोपाल ले जाने के लिए ससुराल आया था. इसी दौरान दोनों पक्षों में फिर विवाद हो गया. आरोप है कि बातचीत के दौरान युवक से पत्नी के इलाज में खर्च हुए रुपयों की मांग भी की गई, जिससे आमिर आहत हो गया, कुछ देर बाद ही आमिर ने पास में खड़ी जेसीबी मशीन पर फांसी लगाकर जान दे दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. पुलिस मामला दर्ज कर सभी पहलुओं की जांच कर रही है.